Subscribe | Past Issues | Translate

View this email in your browser

शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ◆ Website : www.banswarapariyojana.com

माह - मार्च 2019 (भाद्रपद-अश्विन) युगाब्द-5120-5121 वि.सं.-2075-2076 अंक 007

होली उत्सव कार्यक्रम

दक्षिणी राजस्थान के जनजाति बाहुल्य जिले बांसवाडा, डूंगरपुर,प्रतापगढ़ व उदयपुर में भील जनजाति रहती है।भील समाज सामान्यतय शिव उपासक है, और लोक देवताओं को भी मानता है राजा पूंजा भील(महाराणा प्रताप के सेनापति) बांसिया भील,मावजी महाराज, गोविन्द गुरू को अपना महापुरूष मानता है,बेणेश्वर धाम,मानगढ़ धाम घोटिया आम्बा धाम (पांडवो का अज्ञातवास स्थान) आदि को अपना तीर्थस्थान मानता है। गंगा कलश यात्रा, हाट, मेलों (बेणेश्वर धाम का मेला, घोटिया आम्बा का मेला) में उल्लासपूर्वक भाग लेता है। आर्थिक व्यवस्था के लिये शादी ब्याह के समय , घर बनवाने के लिये या अन्य किसी कार्य हेतु पैसो की आवश्यकता होने पर समाज से आर्थिक सहयोग लेने के लिये नोतरा आमंत्रित करता है, इन सामाजिक परम्पराओं से सम्पूर्ण जनजाति समाज पुरातन काल से ही एकता, समरसता, स्वावलम्बन की भावना के साथ स्वयं को सुरक्षित एवं तनावमुक्त महसूस करता रहा है।

होली के त्यौहार पर खेतों में नई फसल आने की खुशी में और भारतीय नव बर्ष के स्वागत में परम्परागत वेषभूषा में गांव-गांव में मां गौरी की उपासना करते हैं जिसमें सात दिन तक हजारों की संख्या में जनजाति समाज की महिलायें, पुरूष एवम् बच्चे परम्परागत वाद्ययंत्रों के साथ सामूहिक रूप से कई-कई घन्टे गैर और गवरी नृत्य करते है, जिसमें सामूहिकता व समरसता का भाव दिखाई देता है। लेकिन विगत कुछ बर्षो से इस क्षेत्र में सक्रिय हिन्दुत्व विरोधी शक्तियों द्वारा योजनापूर्वक फागोत्सव के रूप में होने वाले इस सामूहिक गैर नृत्य को बंद करने का षडयंत्र जनजाति समाज के कुछ युवक के माध्यम से लॉ एण्ड आर्डर बिगड़ने के नाम पर प्रशासन से सामूहिक "गैर" के कार्यक्रमों को बंद करने की मांग की जा रही है और प्रशासन भी अपनी लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने की जिम्मेदारी से बचने के लिये "सामूहिक गैर नृत्यों " के कार्यक्रमों को हतोत्साहित करता है।

इस षडयंत्र को समझ कर जनजाति समाज की इस अनूठी सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिये 22 मार्च 2019 को बांसवाडा परियोजना द्वारा भारत माता मंदिर मैदान बांसवाडा पर "सामूहिक गैर नृत्य" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सामूहिक गैर के इस कार्यक्रम में 78 गांवों के लगभग 1100 स्त्री,पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ध्वनि,प्रकाश,मंच जलपान आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था स्थानीय समाज द्वारा की गई,कार्यक्रम में स्थानीय हिन्दू समाज व संतों की उपस्थिति रही।

सामूहिक गैर नृत्य करते आदिवासी बंधू

*Copyright © *2019* *BANSWARA PARIYOJANA*, All rights reserved.*

Our mailing address is:
BHARATMATAMANDIRNYAS@GMAIL.COM

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

Subscribe Past Issues Translate

why did I get this? unsubscribe from this list update subscription preferences

Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India